Bharat Temples

बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा कभी गिरते हुए को उठाया नहीं, Bhajans Bhakti Songs

बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा
कभी गिरते हुए को उठाया नहीं,
बाद आंसू बहाने से क्या फायदाकभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं,
बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा मै तो मंदिर गया, पूजा-आरती की,
पूजा करते हुए ये ख्याल आ गया – 2
कभी माँ बाप की सेवा की ही नहीं,
सिर्फ पूजा के करने से क्या फायदाकभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं
बाद अमृत पिलाने से क्या फायदा मै तो सत्संग गया गुरुवाणी सूनी
गुरुवाणी को सुनकर ख्याल आ गया – 2
जन्म मानव का लेके दया न करी
फिर मानव कहलाने से क्या फायदाकभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं
बाद अमृत पिलाने से क्या फायदामैंने दान किया मैंने जपतप किया,
दान करते हुए ये ख्याल आ गया – 2
कभी भूखे को भोजन खिलाया नहीं,
दान लाखो का करने से क्या फायदाकभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं
बाद अमृत पिलाने से क्या फायदागंगा नहाने हरिद्वार काशी गया,
गंगा नहाते ही मन में ख्याल आ गया – 2
तन को धोया मगर मन को धोया नहीं,

फिर गंगा नहाने से क्या फायदाकभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं
बाद अमृत पिलाने से क्या फ़ायदामैंने वेद पढ़े मैंने शास्त्र पढ़े,
शास्त्र पढ़ते हुए ये ख्याल आ गया – 2
मैंने ज्ञान किसी को बांटा नहीं,
फिर ज्ञानी कहलाने से क्या फायदाकभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं
बाद अमृत पिलाने से क्या फायदामात पिता के ही चरणों में चारोधाम है,
आजा आजा यही मुक्ति का धाम है – 2
पिता माता की सेवा की ही नहीं,
फिर तीर्थों में जाने से क्या फायदाकभी प्यासे को पानी पिलाया नहीं,
बाद अमृत पिलाने से क्या फ़ायदा
कभी गिरते हुए को उठाया नहीं,
बाद आंसू बहाने से क्या फायदा

Source: https://www.bharattemples.com/baad-amrt-pilaane-se-kya-phaayada/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw